# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





## जगह-जगह विराजी जगत जननी मां दुर्गा...


लायंस अस्पताल मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ के सामने विराजी मां दुर्गा।


विवेकानंद चौक मनेन्द्रगढ़ में विराजी मां दुर्गा।


विमल श्री टाकीज मनेन्द्रगढ़ के पीछे विराजी मां दुर्गा।


रेल्वे स्टेशन के सामने मनेन्द्रगढ़ में विराजी मां दुर्गा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रवक्ता की धमकी के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता पिंटू महादेव द्वारा कांग्रेस सांसद एवं देश के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को टीवी बहस के दौरान खुलेआम सीने में गोली मारने की धमकी देने के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बैकुंठपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, आशीष यादव, विकाश श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, दीपक गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अंकित गुप्ता, राजीव गुप्ता, मनीष सिंह, मोनू मांझी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### मनेन्द्रगढ़ में 55 फीट ऊंचे पुतले का होगा दहन

**मनेन्द्रगढ़।** धर्म और आस्था की नगरी मनेन्द्रगढ़ इस बार दशहरा पर इतिहास रचने जा रही है। शहरवासियों का रोमांच चरम पर है, क्योंकि इस बार 55 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। अब तक का सबसे विशाल पुतला दूर-दराज से आने वाले हजारों दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण बनने वाला है। भव्य आयोजन का गवाह बनेगा हाईस्कूल मैदान, जहां परंपरा और आधुनिकता का संगम देखने को मिलेगा। युवा मंच मनेन्द्रगढ़ आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जोर-शोर से जुटा है। आयोजकों का कहना कि यह आयोजन सिर्फ रावण दहन नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश है। युवाओं में सत्य और न्याय की आस्था को मजबूत करने का यह प्रयास ऐतिहासिक बनेगा। भीड़ के मद्देनजर पुलिस बल की विशेष तैनाती, अग्निशमन दल और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन का दावा है कि दर्शकों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में पोषण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, शिशुओं और बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार करना तथा समुदाय को संतुलित आहार और सही पोषण की जानकारी देना है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के चौनपुर एवं ग्राम पंचायत कठौतिया में विशेष पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पोषण जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। इसमें 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों में बौनापन, कम वजन एवं जन्म के समय कम वजन की समस्या को रोककर कुपोषण के दर को कम करना। बच्चों, किशोरियों एवं 15-49 वर्ष की महिलाओं में एनीमिया के मामलों को कम करना। पोषण जागरूकता गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को कुपोषण और संतुलित आहार के बारे में जागरूक करना। समग्र पोषण सुनिश्चित करना, माताओं और बच्चों के लिए संतुलित आहार और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को बढ़ावा देना साथ ही अन्य बातें शामिल हैं।

## सड़क सुरक्षा के लिए कोरिया पुलिस की पहल

# नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के तहत निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जनमानस को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस लाइन बैकुंठपुर से नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के अंतर्गत एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पुलिस अधीक्षक जिला रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुई।

अभियान का मूल उद्देश्य नागरिकों को यह संदेश देना है कि बिना हेलमेट के किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा तथा सभी लोग अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालन करें। बाइक रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए खरवत चौक तक पहुंची और वहां से पुनः पुलिस लाइन लौटकर संपन्न हुई। इस अवसर पर लगभग 70 अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्यामलाल मधुकर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े एवं नितीश आर. नायर, यातायात शाखा प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। उपस्थित सभी अधिकारीगणों ने स्वयं हेलमेट पहनकर आम नागरिकों को सकारात्मक संदेश दिया तथा नारे और पोस्टरों के माध्यम से यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। रैली के माध्यम से नागरिकों को यह अवगत कराया गया कि हेलमेट न केवल कानूनन अनिवार्य है बल्कि यह जीवन रक्षा का सबसे सशक्त कवच भी है। छोटी सी असावधानी से होने वाली दुर्घटनाओं में हेलमेट जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इसी कड़ी में पेट्रोल पंप संचालकों से भी अपील की गई कि वे इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और बिना हेलमेट के आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दें। यह अभियान तभी सफल होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसे जिम्मेदारी से अपनाएगा। अंत में पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से यह आह्वान किया कि सड़क पर चलते समय स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। वाहन चलाते समय न केवल हेलमेट पहनें, बल्कि गति सीमा, यातायात संकेतों और नियमों का पालन अवश्य करें। पुलिस प्रशासन का यह प्रयास जनहित में निरंतर जारी रहेगा और समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात अनुशासन को बढ़ावा दिया जाएगा।


निकली बाइक रैली।

## धूमधाम से मनाया गया स्वास्थ्य मंत्री का जन्मोत्सव

**डोमनहिल।** नवरात्र के अंतिम दिन 1 अक्टूबर को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का जन्मोत्सव पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह सबसे पहले श्री जायसवाल ने अपने परिवार के बीच जन्मदिवस मनाया। इसके बाद वे खड़गवां स्थित मां महामाया मंदिर चनवारीडांड पहुंचे, जहां उन्होंने जगत जननी के चरणों में शीश नवाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में केक काटकर भक्तों के बीच फल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी, बेटी और परिवारजन उपस्थित रहे, इसके पश्चात खड़गवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीएमओ के नेतृत्व में मरीजों को फल और कंबल बांटकर जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं चिरमिरी जिला अस्पताल में सीएचएमओ डॉ. अविनाश खरे के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें मेडिकल स्टाफ व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मंत्री को माता रानी की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम पूरे विधानसभा क्षेत्र चिरमिरी, खड़गवां, मनेन्द्रगढ़ और झगराखांड में सुबह से लेकर देर रात तक धूमधाम से चलते रहे। जनता ने हल्दीबाड़ी यातायात चौक, ग्राम पंचायत दुबछोला, बरदर, देवाडांड़, मेण्ड्रा, कोड़ा, भौता, पाराडोल, नगर पंचायत लेदरी, नगर पंचायत झगराखांड, मनेन्द्रगढ़ के खेड़िया टॉकीज तिराहा, भूपेन्द्र क्लब पानी टंकी, हरियाणा भवन, चिरमिरी के जीएम कॉम्प्लेक्स, नगर निगम पार्क, अंबेडकर चौक कोरिया, शनिचरी मार्केट, गुरूद्वारा कॉम्प्लेक्स, बड़ा बाजार, छोटा बाजार और लाहिड़ी पीजी ग्राउंड सहित अन्य जगहों पर फूल-मालाओं और केक के साथ उनका



### मनेन्द्रगढ़ में जगह-जगह जन्मोत्सव का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का जन्मदिन बुधवार को पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जगह-जगह केक काटकर अपने प्रिय नेता को शुभकामनाएं दीं। पूरे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जन्मदिन को लेकर उल्लास का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर लगाकर मंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। जगह-जगह केक कटिंग समारोह का आयोजन हुआ और युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जन्मदिन का जश्न मनाया। इसी बीच सुबह की एक बड़ी घटना ने सभी कार्यकर्ताओं को क्षणभर के लिए चिंतित कर दिया। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का 1 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया था। हालांकि कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों की दुआओं से वे सकुशल रहे और उनका एक भी बाल बांका नहीं हुआ। इस हादसे के बाद कार्यकर्ताओं ने इसे ईश्वर की कृपा और जनता के अपार आशीर्वाद का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे अंचल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और विकास कार्यों में दिन-रात जुटे रहते हैं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, गौतम दुग्गड़, बंटी गोयल, सरजू यादव राहुल सिंह आदि शामिल रहे।

## डीएड अभ्यर्थी मिले विधायक से, सौंपा ज्ञापन



**बैकुण्ठपुर।** सहायक शिक्षक भर्ती में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को डीएड/डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े से भेंट की। अभ्यर्थियों ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवें चरण की काउंसलिंग में 2600 पदों पर प्रक्रिया हुई थी, जिसमें दस्तावेज सत्यापन के बाद केवल 1299 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति मिल पाई।

शेष 1316 पद रिक्त रह गए, इसके अलावा कुल 984 पद पहले से लंबित हैं। इस प्रकार कुल 2300 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि बार-बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ। विभाग की लापरवाही के कारण योग्य एवं टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है, इसी मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने हाल ही में दिए अपने आर्डर में फैसला पीड़ित बेरोजगार अभ्यर्थियों के पक्ष में सुनाया है।

उच्च न्यायलय ने 26 सितंबर के अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायालय के आदेश एवं पद रिक्त होने के बावजूद अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इससे पूर्व भी अभ्यर्थियों द्वारा कई बार कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके अभ्यर्थियों को केवल आश्वासन ही मिला था, इसके पश्चात अभ्यर्थी परेशान होकर उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी, अब न्यायालय का फैसला भी अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है, अब इन्हें उम्मीद है कि जल्द इन्हें न्याय मिलेगा और रिक्त पदों पर जल्द इन्हें नियुक्ति दी जाएगी। 1 अक्टूबर को विधायक भईयालाल राजवाड़े से भेंट कर अभ्यर्थियों ने अपनी समस्या बताई। विधायक ने उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विदित हो कि अभ्यर्थी इससे पहले रायपुर में कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं और लगातार सरकार से छठवें चरण की काउंसलिंग प्रारंभ कर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं।

## वन विभाग ने भालू विचरण क्षेत्र में लगाया पिंजरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अंतर्गत भालू विचरण क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है। हाल ही में क्षेत्र में लगातार भालू देखे जाने की घटनाओं से दहशत फैल गई है।

ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए विभाग ने लोगों को रात में बाहर न निकलने, बच्चों को अकेले न छोड़ने और घर के बाहर पर्याप्त रोशनी जलाए रखने की सख्त हिदायत दी है। वन मंडलाधिकारी मनीष कश्यप के निर्देश पर अवधेश सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान शुरू किया गया। मौके पर बीएफओ मनोज सेन, बीएफओ इंद्रकुमार बंजारे और सीएफओ अनीता सिंह ने ग्रामीणों को जागरूक किया और समझाइश दी। रात में अकेले बाहर न निकलें, घर व आंगन में रोशनी जलाकर रखें बच्चों व बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें, भालू दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिंजरा लगाने के साथ-साथ क्षेत्र में गश्त भी तेज कर दी गई है।

### ग्रामीणों से रात में सतर्क रहने की अपील



## सेल्समेन इंचार्ज को दी गई भावभीनी विदाई

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइन आरओ स्थित वातानुकूलित कैंटीन में बतौर सेल्समेन इंचार्ज सेवाएं दे रहे रामबली 30 सितंबर को 35 वर्षों का लंबा सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए।

इस अवसर पर कैंटीन परिसर में एक भावभीना सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सहकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह ने शाल, श्रीफल और फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात श्री तिवारी सहित अन्य वरिष्ठजन ने भी उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह ने कहा कि रामबली ने कैंटीन में लगातार 35 वर्षों तक निष्ठा, जिम्मेदारी और लगन से सेवाएं दीं। इस अवसर पर मोहम्मद रियाज, बृजनंदन, सुरेश कुमार, राहुल सेठ, राहुल सिन्हा, धर्मवीर सिंह, सूरज कुमार, निछर, सुरेश कुमार साहू, परदेसी, बिरनबाई, महेन्द्र सहित काफी संख्या में कामगार मौजूद रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### उल्टी-दस्त से...

पर स्वास्थ्य टीम तत्काल पहाड़पारा पहुंच कर प्रभावित परिवार से मिले और आवश्यक जानकारी लिया और अन्य पीड़ितों की पहचान कर उपचार के लिए एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं मोहल्ले के लोगों के द्वारा जिन स्त्रोतों से पेयजल का उपयोग करते थे, उन स्त्रोत के जल का सैंपल जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके बाद ही स्पष्ट होगा कि उल्टी दस्त पीड़ति परिवारों में कैसे हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पहाड़पारा में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी रात में भी लगाई गई है।

### स्कूलों के पट...

**दीपावली व शीतकालीन अवकाश भी 8 दिनों का –**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दीपावली व शीतकालीन अवकाश भी 6 दिनों का दिया है, लेकिन अवकाश शुरू होने के पहले और अवकाश समाप्त होने के बाद रविवार अवकाश पड़ रहा है। इस तरह उक्त दोनों घोषित अवकाश में दो रविवार के चलते दो दिन अतिरिक्त अवकाश मिलेगा, इस तरह उक्त दोनों अवकाश 8 दिनों का मिलेगा। जानकारी के अनुसार दीपावली अवकाश 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक तथा शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक घोषित है।

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में लगाए आरोप

# गौठान योजना बंद, भाजपा सरकार गौ संरक्षण में फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने छग की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पौने दो वर्षों में प्रदेश से 5 लाख से अधिक गौवंश गायब हो गए हैं और लगभग 2,500 गायों की मौत भूख, दुर्घटना व जहरीले पदार्थ खाने से हुई है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना बंद कर दी गई। परिणामस्वरूप गाए चारे-पानी के अभाव में भूख से मर रही हैं और सड़कों पर भटकने के कारण दुर्घटनाओं की शिकार हो रही हैं। प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि कांग्रेस शासनकाल 2023 में 14 लाख गौवंश का प्रबंधन 10,800 गौठानों में व्यवस्थित रूप से होता था, परंतु भाजपा सरकार ने इन्हें बंद कर दिया। अब गांव और शहरों में पशुधन की संख्या 40 प्रतिशत तक घट गई है, जिससे साफ है कि लाखों गायों की तस्करी कर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट जैसे राज्यों के स्लॉटर हाउस भेजा गया है। गौ सरंक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, आशीष यादव, धीरज सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, रियाजुउद्दीन, राजीव गुप्ता, राकेश जायसवाल, संतोष गोयन, अमित दुबे सहित काफी संख्या कांग्रेसी उपस्थित रहे।



2 नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के तहत निकली बाइक रैली




## खबर संक्षेप

### देर रात्रि तक संचालित होता है मीना बाजार

**बिजुरी।** अनूपपुर जिले के बिजुरी में संचालित मीना बाजार ने मंगलवार की रात कानून और प्रशासन की साख को खुली चुनौती दे डाली। सरकारी आदेशों के बावजूद मेला देर रात तड़के 4 बजे तक बेखौफ चलता रहा, जबकि पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी समय दर समय वहां मौजूद रहकर भी मूकदर्शक बने रहे। यह नजारा न केवल प्रशासन की लचर कार्यशैली को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि प्रभावशाली संचालक के सामने सिस्टम पूरी तरह बेबश लाचार हो गया। दिन में ही कोतमा के एसडीएम ने भरोसा दिलाया था कि मेला नियमतः रात 10 बजे तक ही संचालित होगा, नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा, लेकिन रात होते-होते यह दावा हवा हो गया।

### नेत्रहीन बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों का सम्मान समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह ने जिले में सामाजिक संवेदनशीलता और मानवतावाद की नई मिसाल पेश की। बीते 27 सितंबर को अमृत सदन सभा कक्ष में नेत्रहीन विद्यालय आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ के बच्चों और जिले के दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो की मुख्य अतिथि में हुआ, इनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से समारोह में शामिल सभी अतिथियों ने बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति अपने स्नेह और सम्मान का भाव व्यक्त किया।

### नेत्रहीन दिव्यांगों ने भजन कीर्तन से बांधा समा

**कोरिया कॉलरी।** नवरात्र पर्व के अवसर पर कोरिया बाजार पारा दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य उत्सव में नेत्रहीन दिव्यांग कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी और भक्ति-भाव से ऐसा समा बांधा कि पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। जैसे ही कलाकारों ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी, उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और देर तक तालियों की गड़गड़ाहट पंडाल में गूंजती रही। इस वर्ष समिति द्वारा विशेष पहल करते हुए दिव्यांग कलाकारों को मंच प्रदान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को उत्सव से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को सम्मानपूर्वक सामने लाना है। भजन-कीर्तन के दौरान देवी दुर्गा की महिमा का गुणगान किया गया।

**न्यायालय :-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.**

**ज्ञापन**

प्रोसेस क्रमांक-1430/2025
आदेश दिनांक-15.09.2025
पेशी दिनांक -28.10.2025

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/ रजिस्ट्रेशन क्रमांक 08/2025**

1. महेश कुमार साहू आ. स्व. प्रणय कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. ।...आवेदक

प्रति

2. शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम मनेन्द्रगढ़ कार्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी छ.ग.। 3. शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम सैटेलाईट कार्यालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.। 4. अखिलेष साहू आ. स्व. प्रणय कुमार साहू उम्र 40 वर्ष 5. रिकेश साहू आ. स्व. प्रणय कुमार साहू उम्र 35 वर्ष दोनो निवासी बड़ेरिया कॉम्प्लेक्स नियर एमएलए नगर थाना व तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. ।.....अनावेदकगण

**बनाम**

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक प्रणय कुमार साहू के नाम पर अनावेदक क्रमांक 05 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 28.10.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 26.09.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(प्रतीक्षा अग्रवाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**

# बैकुंठपुर में खुला प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र

## आधुनिक सुविधाओं से लैस केन्द्र का शुभारंभ, बुजुर्गों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अंतरराष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कोरिया जिले को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और उपलब्धि मिली। जिला अस्पताल परिसर में प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य एवं देखभाल केन्द्र शुरू किया गया। इसका शुभारंभ विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि आज वृद्धजन दिवस पर जिले को मिली यह सुविधा वास्तव में एक बड़ा तोहफा है।

उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने जीवन भर समाज और परिवार को संवारने में योगदान दिया है। उनकी देखभाल और उपचार के लिए यह केन्द्र अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि उम्र बढ़ने पर घुटनों, एड़ियों और अन्य रोगों से पीड़ति होना सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि हम सबको इस अवस्था से गुजरना है। बुजुर्ग अवस्था में सबसे बड़ी समस्या भीड़ से बचाव और दर्द से राहत की होती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री की मंशानुरूप यह बुजुर्ग देखभाल केन्द्र शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि महज डेढ़ माह में यह केन्द्र बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने बुजुर्गों से अपील की कि वे इस केन्द्र की जानकारी अपने आसपास के अन्य वृद्धजन तक भी पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने बताया कि वयोवृद्ध एक्सप्रेस भी चलाई जा रही है, ताकि वे बुजुर्ग जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते, उनके घर तक ही जांच और उपचार की सुविधा दी जा सके। विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी व जनप्रतिनिधियों ने बुजुर्गों को पुष्प, शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और इन प्रतिनिधियों ने नई पीढ़ी से इन बुजुर्गों के देखभाल के साथ आत्मीय संवाद बनाए रखने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि बुजुर्ग स्वास्थ्य केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

इनमें ट्राइसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन और वैक्स बाथ जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यहां फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी सेवाएं भी बुजुर्गों को उपलब्ध होंगी। अब बुजुर्गों को इन उपचारों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अंतरराष्टीय वृद्धजन दिवस पर समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले के कई बुजुर्गों को छड़ी और अन्य सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।



### 2 से 8 अक्टूबर तक आरोग्यम निकुष्ठ कोरिया अभियान

सीएमएचओ कोरिया डॉ. सिंह ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक जिले में आरोग्यम निकुष्ठ कोरिया अभियान संचालित होगा। इसके तहत कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव, जांच, उपचार और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला अस्पताल अधीक्षक व सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आलोक सिंह भुवाल सहित जनप्रतिनिधि, जिला अस्पताल के डॉक्टर, स्टाफ काफी संख्या में बुजुर्ग उपस्थित रहे।



## पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# नवमीं पर हवन-पूजन के साथ कन्या भोज



आयोजित कन्या भोज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्रि के दिन हवन-पूजन के साथ कन्या भोज कराए गए। शक्ति की देवी मां दुर्गा की विभिन्न 9 रूपों की पूजा अराधना की गई। अंतिम दिनों में शहर के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ी।

माता के दर्शन करने के लिए शहर के लोग परिवार के साथ दुर्गा पंडालों में पहुंच कर माता के दर्शन किए, इसके चलते शहर में देर रात्रि तक चहल-पहल बनी रही। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी पूजा पंडालों में अंतिम दिवस जमकर भीड़ जुटी रही। खड़गवां के निकट चनवारीडॉड़ स्थित मां महामाया मंदिर में अंतिम दिन जमकर भीड़ जुटी रही, इसके अलावा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे झुमका तट पर स्थित अंचल का प्रसिद्ध आस्था का केन्द्र रमदईया धाम में भी नवरात्रि के अंतिम दिन आस-पास के श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंच कर पूजा-अर्चना किए।



हवन-पूजन करते श्रद्धालु।

### विसर्जन की झॉकी निकलेगी कल

इस बार 10 दिनों तक पूरे विधि-विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना करने के बाद 2 अक्टूबर को पूर्णाहूति होगी। गुरुवार का दिन होने के कारण माता जी के प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाएगा। कचहरीपारा, बाजारपारा समेत कई पंडालों में विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा।

## जन्मदिन के दिन हादसा

# बाल-बाल बचे स्वास्थ्य मंत्री



**मनेन्द्रगढ़/डोमनहिल।** स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के जन्मदिन पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब उनका काफिला एक सड़क हादसे का शिकार हो गया। चिरमिरी के छठघाट के पास मंगलम होटल के समीप मंत्री की गाड़ी अचानक एक ट्रक से जा भिड़ी। तेज आवाज से कुछ क्षण के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन को मोड़ते वक्त अचानक सामने आए ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पूरी तरह सुरक्षित रहे। मंत्री श्री जायसवाल अपने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने चिरमिरी जा रहे थे, तभी यह अप्रत्याशित घटना घटित हुई। हादसे की सूचना फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और समर्थक काफी संख्या में घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जन्मदिन जैसे खास दिन पर हुए इस हादसे ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि मंत्री के सुरक्षित रहने की खबर से समर्थकों और प्रदेशवासियों ने राहत की सांस ली। मंत्री श्री जायसवाल हादसे के बाद बिना विचलित हुए अपने निर्धारित दौरे पर आगे बढ़ गए।



## उजियारपुर में धूमधाम से की गई पूजा-अर्चना

**बरबसपुर।** ग्राम पंचायत उजियारपुर में मां दुर्गा के प्रतिमा स्थापित कर पूजा -अर्चना की गई। नन्हें-मुन्ने बच्चों को पूड़ी-हलवा और तरह-तरह के पकवान खिलाए गए। दशहरा के दिन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है। वहीं श्री श्री 108 मां दुर्गा पूजा समिति उजियारपुर के अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष राम सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, लेखन दास सचिव वैष्णो, सह सचिव सोमार साय कन्हैया, निगम महामंत्री अखिलेश, संयोजक खुशबूधारी, सहसंयोजक त्रिलोकी सिंह,भोग संचालक लक्ष्मण साहू, मीडिया प्रभारी सीता शरण साहू, पांडा ध्रुव सिंह पकरिया, सहायक पांडा राजकुमार, व्यवस्थापक कृष्ण कुमार, पुजारी आशीष पांडे, राजेश कुमार, बसंत सिंह, घनश्याम पकरिया, अरविंद साहू, रमाकांत, संतोष बाबरिया, संदीप सिंह ,तेजनारायण, बुधराम सिंह, संदीप सिंह, सूरज दुबे, दीपक कुमार, मनु कुमार ,शिवनाथ सक्रिय रहे।

## श्रद्धालुओं को लुभा रही चैतन्य देवियों की झांकी, अंतिम दिवस आज

**बैकुण्ठपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से लाइट और सजावट से सुसज्जित चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती व श्रीमती गीता राजवाड़े, पार्षद श्रीमती ज्योति देवांगन, भाजपा जिला मंडल मंत्री शारदा गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला प्रेस क्लब कोरिया अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, सुजीत सोनी तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका बीके रेखा दीदी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती सौभाग्यवती ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमें चैतन्य देवियों का दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। झांकी में प्रदर्शित चैतन्यता और एकाग्रता मन को बहुत भा गई। माता दुर्गा के नौ रूपों का दर्शन करके हम स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा समाज को बुराइयों और कुरीतियों से दूर रखने का जो संदेश दिया जा रहा है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं। श्रीमती गायत्री सिंह ने कहा कि नवरात्रि के उपलक्ष्य में इतनी सुंदर और भव्य झांकी का आयोजन सराहनीय है। ⏭ शेष पेज 4 पर



# सोनहत टीआई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एक प्रकरण में कार्रवाई नहीं करने की शिकायत पर सोनहत थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत अग्रवाल को आईजी ने सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ति की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई न किए जाने के कारण यह गंभीर घटना घटित हुई।

इसी कारण निरीक्षक हेमंत अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर संबंद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार गुजारा भत्ता देय होगा। जानकारी के अनुसार ग्राम रसींकी थाना बिहारपुर, जिला सूरजपुर के आवेदक श्यामसुंदर गिरी, कृष्णा गिरी एवं रव. जद्दू गिरी द्वारा ग्राम सेमरिया थाना सोनहत निवासी रमेश यादव, सुरेश यादव आ. ब्रम्हलाल तथा ग्राम रसौकी निवासी बृजनंदन आ. स्व. शनी कुमार सिंह के विरूद्ध 25 सितंबर को थाना सोनहत में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। बताया गया कि आवेदक एवं अनावेदक पक्षों के बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा था, इसके बावजूद थाना स्तर पर शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया और 26 सितंबर को पुनः आवेदकों को थाने बुलाया गया। थाने से लौटते समय अनावेदक रमेश यादव द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 8828 से जानबूझकर ठोकर मारकर रामगिरी की हत्या कर दी गई। इस संबंध में थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 122/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपी भी शामिल बताए जा रहे हैं।






# देखभाल और आत्मीयता ही बुजुर्गों की असली दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अंतरराष्टीय वृद्धजन दिवस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के सभी बुजुर्गों को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान, देख और आत्मीयता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि चाहे पाश्चात्य संस्कृति कितनी भी आगे जाए, भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों के प्रति आदर और सेवा की परंपरा का कोई विकल्प नहीं है। कलेक्टर ने बताया कि वे समय-समय पर वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों से मुलाकात करती हैं और उनकी सेहत व समस्याओं की जानकारी लेती हैं। उन्होंने कहा कि हर बुजुर्ग की अपनी कहानी है, लेकिन उनका दर्द लगभग एक जैसा है, इसीलिए हमें हर समय उनका सम्मान और देखभाल करनी चाहिए। यही मानवीय संवेदना का सबसे बड़ा उदाहरण है। कलेक्टर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने घर और समाज के बुजुर्गों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, आवश्यक उपचार उपलब्ध कराएं और आत्मीयता से उनके साथ समय बिताएं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के साथ बैठना, उनसे बातें करना और उनकी समस्याएं सुनना ही उनके लिए सबसे बड़ी दवा है।

अंतरराष्टीय वृद्धजन दिवस पर आयोजन






आप सभी के
शुभकामनाओं के लिए

# आभार
एवं
# धन्यवाद

जन्मदिन के अवसर पर आप सभी के स्नेहपूर्ण बधाई, शुभकामनाओं और आशीर्वाद रुपी संदेशों से अभिभूत हूँ। अपने परिवार की भांति इतना अपनापन एवं स्नेह प्रदान किया उसके लिए मैं आप सभी को हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।
आप सभी का यह स्नेह, आशीर्वाद, सहयोग और विश्वास ही मेरी ऊर्जा है, जो आपकी सेवा और अपने कर्तव्यों एवं संकल्पों को पूरा करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है।

मुझे विश्वास है कि जीवन के हर पथ में आप सभी का मार्गदर्शन एवं सहयोग व आशीर्वाद मुझे प्राप्त होता रहेगा।
आप सभी के इसी आशीर्वाद से हम मिलकर समृद्ध छत्तीसगढ़ प्रदेश के संकल्प को जरूर पूरा करेंगे।

## धन्यवाद

सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से मुझसे जुड़ने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें...



आपका सेवक
# श्याम बिहारी जायसवाल

**विधायक- विधानसभा क्षेत्र मनेन्द्रगढ़**

**कैबिनेट मंत्री- छत्तीसगढ़ शासन**

लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन

@sbjaiswalbjp Shyambiharibjp ShyamBiharibjp sbjaiswalbjp02